**Regarding issues pertaining to roads and water situation in Dadraand Nagar Haveli Parliamentary Constituency**

श्रीमती कलाबेन मोहनभाई देलकर **(**दादरा और नागर हवेली**) :** सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन को बताना चाहती हूं कि मेरा लोक सभा क्षेत्र दादरा और नागर हवेली एक बाहुल्य क्षेत्र है । प्रदेश में पानी एवं रास्ते की समस्या पिछले कई सालों से परेशानी का कारण बन चुकी है । बारह हजार करोड़ रुपये खर्च करने के बावजूद आज भी वहां के लोगों की मूलभूत समस्याएं खड़ी हैं। प्रदेश में पिछले कई सालों से पानी एवं रास्ते की समस्या से लोग बहुत परेशान हैं । ग्रामीण लोग पानी की कमी से परेशान हैं, नल में पानी नहीं पहुंचता है, हर घर नल योजना की बात करूं, योजना के तहत 60 परसेंट घरों में पानी नहीं मिल रहा है । जल शक्ति मंत्रालय ने मेरे प्रदेश को 100 परसेंट पानी देने की बात कही है, वह गलत है ।

आज भी महिलाओं को कई किलोमीटर से पानी लाना पड़ता है । प्रदेश की जनता को जब तक हर घर नल की व्यवस्था न हो तब तक प्रशासन को पानी की तुरंत वैकल्पिक व्यवस्था करनी चाहिए । टैंकर और अन्य माध्यम से पानी उपलब्ध कराना चाहिए वरना इस साल भी पानी की कमी रहेगी ।

प्रदेश की आंतरिक सड़कें अत्यंत खराब हो गई है । पिछले कई वर्षों से सड़कों की रिपेयरिंग भी नही की गई है ।

माननीय सभापति: माननीय सदस्या जी, आप दो विषय मत उठाइए । एक विषय जीरो ऑवर में उठता है और बहुत महत्वपूर्ण होता है, आपने पानी की बात उठायी है । बहुत-बहुत धन्यवाद ।